# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688 | जिलों से संभाग तक का सच | email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-8 | अंक-22 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 22 अक्टूबर 2024 से 28 अक्टूबर 2024 | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ- 8


भय से भारत अभय हो,
फिर विजय से विश्व।
विनयकर निर्भय जय हो,
जय हो भारत भूमि जय हो।।

## कुंभ को लेकर सीएम मोहन यादव का बड़ा ऐलान

# संतों की नगरी में साधुओं के लिए होगी स्थायी जगह

■ भोपाल । संभाग पोस्ट

**सिंहस्थ 2028 को लेकर मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि हरिद्वार की तर्ज पर संतों की नगरी उज्जैन में भी साधु संतों के लिए स्थायी आश्रम बनाए जाएंगें। आपको बता दें सीएम मोहन यादव सिंहस्थ 2028 को लेकर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। जहां उन्होंने ये बात कही।**



### सीएम मोहन यादव की बड़े फैसले

सीएम मोहन यादव ने सिंहस्थ को लेकर बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि हरिद्वार की तर्ज पर उज्जैन में भी साधु-संतो,महंत,अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर आदि महात्माओं के लिए स्थायी आश्रम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उज्जैन के नैसर्गिक धार्मिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए स्थायी रूप से अधोसंरचना विकास के कार्य किए जाएंगे। जिसके बाद यहां पर समान रूप से विकास से सभी के खुशहाली के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि उज्जैन में हरिद्वार के तर्ज पर साधु संतों, महंत, अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर इत्यादि को स्थाई आश्रम बनाने की अनुमति दी जाएगी। उज्जैन की पहचान साधु संतों से है। 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाला सिंहस्थ का आयोजन 2028 में किया जाएगा। साधु संतों को उज्जैन में आने, ठहरने, कथा, भागवत इत्यादि अन्य आयोजन के लिए पर्याप्त रूप से भूमि भू खंड की आवश्यकता पड़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा साधु-संतों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्थायी आश्रम बनाए जाने की योजना बनाई गई हैं। निजी होटल्स में साधु संतों और श्रद्धालुओं को इस प्रकार के आयोजनों के लिए चुनौतियां आती हैं। महंगा भी पड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव आज उज्जैन के मेला कार्यालय, संबोधित कर रहे थे।

### ऐतिहासिक होगा 2028 का सिंहस्थ

उज्जैन के ऑडिटोरियम में सिंहस्थ के संबंध में आयोजित प्रेस-वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कि इससे समान रूप से सभी के लिए खुशहाली के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा हरिद्वार में जिस प्रकार साधु -संतों के अच्छे आश्रम बने हुए हैं, उसी प्रकार विकास के क्रम को जारी रखते हुए उज्जैन में भी साधु संतों के स्थायी आश्रम बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

### UDA देगा योजना को आकार

आपको बता दें उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से इस बड़ी योजना को आकार दिया जाएगा। सभी साधु-संतो, महंत, अखाड़ा प्रमुखों, महामंडलेश्वर सभी को आमंत्रित कर उनके स्थायी आश्रम बनाने की दिशा में काम करेंगे। सिंहस्थ के दृष्टिगत सड़क, बिजली, पेयजल, जल निकासी इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के लिए भी स्थाई अधोसंरचना का निर्माण किया जाएगा। ताकि अस्थाई निर्माण से होने वाली समस्याएं निर्मित न हों।

### फोरलेन, सिक्सलेन ब्रिज

हरिद्वार की तरह उज्जैन को धार्मिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार की गई है। सभी प्रकार के फोरलेन, सिक्सलेन ब्रिज आदि स्थायी अधोसंरचना विकास के कार्य किए जाएंगे। सभी मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ साधु-संतों के लिए आश्रम निर्माण के कार्य समानांतर रूप से किए जाएंगे। समाज के इच्छुक सनातन धर्मावलंबियों के माध्यम से अन्न क्षेत्र, धर्मशाला, आश्रम, चिकित्सा केंद्र, आयुर्वेद केंद्र आदि सार्वजनिक गतिविधियों के संचालन कार्य को भी प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा, कि उज्जैन सहित प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। समान रूप से विकास से सभी की खुशहाली के द्वार खुलेंगे। सभी देव स्थानों के आसपास हमारे धर्माचार्य आ जाए यह हमारी प्राथमिकता हैं।

### इतने एरिया में होगा निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि साधु-संतों को आश्रम निर्माण के लिए जमीनों पर निर्माण कार्य एक नियमानुसार होगा। मान लीजिए 5 बीघा जमीन दी गई है तो इसमें से एक बीघा भूखंड पर ही भवन का निर्माण किया जा सकेगा। बाकी 4 बीघा भूखंड यानी एरिया खुला रहेगा। जिसमें पार्किंग आदि व्यवस्थाओं के लिए पर्याप्त खुला स्थान रहे। यह अनुमति केवल साधु-संतों ,महंत ,अखाड़ा प्रमुखों,महामंडलेश्वर को ही दी जाएगी। व्यक्तिगत और कमर्शियल उपयोग के लिए इस प्रकार की अनुमति नहीं रहेगी।

### महाकाल लोक बनने के बाद बढ़ी है श्रद्धालुओं की संख्या

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि महाकाल महालोक बनने के बाद से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन आते हैं। निरंतर यहां धार्मिक आयोजनों का क्रम जारी रहता है। ऐसे में यह योजना धर्मावलंबियों के लिए बड़ी लाभकारी सिद्ध होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरी योजना तैयार की गई है।

### सिक्स लेन कार्य के लिए हो चुके टेंडर

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन -इंदौर सिक्स लेन कार्य की भी टेंडर प्रक्रिया हो गई है। वहीं उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड फोरलेन मार्ग का शीघ्र भूमिपूजन किया जाएगा। इसी प्रकार बृहद योजना के तहत इंदौर उज्जैन धार, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर आदि को विकसित किया जाएगा। उज्जैन के धार्मिक मूल स्वरूप को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जाएंगे।

### इंदौर-उज्जैन मेट्रो ट्रेन के संचालन को मंजूरी

इंदौर-उज्जैन मेट्रो ट्रेन का संचालन की सैद्धांतिक स्वीकृति भी दे दी गई है। इसी के साथ उज्जैन, देवास, फतेहाबाद, इंदौर को जोड़ते हुए सर्किल वंदे मेट्रो ट्रेन का भी संचालन किया जाएगा। जिसकी गति मेट्रो ट्रेन की तुलना में अधिक होगी। रेल रूट के साथ उज्जैन के सभी मार्गों का भी सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। उज्जैन से निकलने वाले सभी मार्ग फोरलेन किए जाएंगे। वर्तमान एयरस्ट्रिप का भी उन्नयन कर टेक्निकल रूप से एयरपोर्ट बनाया जायेगा, ताकि 12 महीने हवाई यातायात सुविधा भी उज्जैन को मिल सके।



## Short News

### सीधी के इंजीनियर की जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में मौत, सीएम ने जताया दुःख, आर्थिक सहायता की घोषणा

■ भोपाल । संभाग पोस्ट

जम्मू-कश्मीर में रविवार रात हुए एक आतंकी हमले में मध्यप्रदेश के सीधी जिले के रहने वाले सिविल इंजीनियर अनिल शुक्ला की गोली लगने से मौत हो गई। इस घटना में कुल सात लोगों की जान चली गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। बता दें कि सीधी के रामपुर नैकिन क्षेत्र के डिढौरा गांव के निवासी 45 वर्षीय अनिल शुक्ला जम्मू-कश्मीर में जेपी फैक्ट्री के एक सिविल इंजीनियर के रूप में काम कर रहे थे। रविवार रात आतंकियों ने मजदूरों और इंजीनियरों पर अचानक हमला कर दिया, जिसमें अंधाधुंध फायरिंग के दौरान अनिल शुक्ला समेत सात लोग मारे गए। अनिल शुक्ला अपने परिवार के साथ रीवा में रह रहे थे। जहां वे अपने बच्चों की पढ़ाई करवा रहे थे। उनका एक बेटा 11वीं कक्षा में और बेटी बीएससी सेकेंड ईयर में पढ़ रही है। जिला प्रशासन की तरफ से बताया गया कि सेना द्वारा सूचना मिलने के बाद अनिल शुक्ला के सीधी जिले के निवासी होने की पुष्टि की गई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की और शोक संतृप्त परिवार को पांत लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस आतंकी हमले को कायराना करार देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए इस आतंकी हमले में मध्यप्रदेश के सीधी जिले के एक होनहार इंजीनियर अनिल शुक्ला के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति दें।


आपका अपना विश्वसनीय अखबार...
हमेशा आपके साथ
संभाग पोस्ट
आप हमसे अपनी समस्याओं को सांझा कर सकते हैं
बगैर किसी खौफ के विडियो, फोटो,
दस्तावेज के माध्यम से हमारे वाट्सअप नम्बर पर
और संभाग पोस्ट के पाठक सदस्य भी बन सकते हैं...
एक वर्ष की सदस्यता लेने पर
अखबार फ्री... तीन विज्ञापन फ्री...
पाठक सदस्यता आईडी कार्ड फ्री...
न्यूज चैनल पर एक एड फ्री....
सम्पर्क 9009919948

## सुविचार

दुनिया के तानों से कभी नाराज मत होना, अनजान लोग तो हीरे को भी कांच समझ लेते हैं।

## संपादकीय

# चिंता बढ़ातीं धमकियां

बम होने की झूठी धमकियों के कारण इस सप्ताह 90 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बाधित हुई हैं. शनिवार को 30 और रविवार को 20 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी. इन उड़ानों को या तो बीच में उतारना पड़ा या उनका रास्ता बदला गया. हालांकि जांच में कोई बम बरामद नहीं हुआ है, पर ऐसी धमकियों से विमानों के परिचालन में मुश्किलें बढ़ गयी हैं. यात्रियों एवं कर्मियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है.जांच के लिए विमानों को हवाई अड्डों के सुरक्षित इलाकों में ले जाना पड़ रहा है. जांच के दौरान यात्रियों को विमान में ही बैठे रहना पड़ रहा है. उड़ानों की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को भी हवाई अड्डों पर देर तक रुकना पड़ रहा है. तमाम हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था को मुस्तैद किया गया है. सभी धमकियां सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों, विशेष कर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दी गयी हैं. दिल्ली एवं अन्य महानगरों की पुलिस इन मंचों के संपर्क में हैं. कुछ संदिग्धों को चिह्नित भी किया गया है. दिल्ली पुलिस के साइबर सेल और इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस भी जांच में सहयोग दे रहे हैं. ऐसा माना जा रहा है कि डिजिटल पहचान को छुपाने वाली तकनीकों के इस्तेमाल से सोशल मीडिया में अकाउंट खोल कर धमकियां दी जा रही हैं. नागरिक उड्डयन मंत्रालय विभिन्न उपायों पर विचार कर रहा है, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके. दोषियों को हवाई यात्राओं पर पाबंदी लगाने के संबंध में भी चर्चा हो रही है. भारत उन देशों में है, जो विमानों के अपहरण और आतंकी हमलों के भुक्तभोगी रहे हैं. इसलिए ऐसी धमकियों को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है तथा समुचित सुरक्षा उपाय किये जा रहे हैं. आशा है कि जांच से दोषियों की पहचान की जा सकेगी और उन्हें दंडित किया जायेगा. इन घटनाओं ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग से जुड़ी चिंताओं को और बढ़ा दिया है. उल्लेखनीय है कि हमारे देश में साइबर अपराध की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. ऐसे अपराधों में घरेलू अपराधी भी शामिल हैं और बाहर के भी. साइबर सुरक्षा के मौजूदा उपाय अपेक्षित रूप से कारगर साबित नहीं हो रहे हैं. सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस महकमे को आवश्यक संसाधन एवं प्रशिक्षण मुहैया कराया जाना चाहिए. साथ ही, सोशल मीडिया के मंचों, मोबाइल, कंप्यूटर एवं इंटरनेट सेवा से जुड़ी कंपनियों तथा शासकीय विभागों के बीच बेहतर समन्वय समय की मांग है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डार्क वेब, वीपीएन आदि के दुरुपयोग को लेकर जो चिंताएं जतायी जा रही हैं, उनके समाधान पर जोर देने की जरूरत है. यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि कहीं इन धमकियों का उद्देश्य उड्डयन क्षेत्र के विकास को बाधित करना तो नहीं है.

# ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ फार्मेसी, इंदौर में एम.बी.ए (फार्मास्यूटिकल मैनेजमेंट) और फार्मा स्नातकों का दीक्षारंभ संपन्न




**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज, इंदौर में एम.बी.ए- फार्मास्यूटिकल मैनेजमेंट के 2024 बैच का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। अपनी भव्यता के साथ संपन्न दीक्षारंभ कार्यक्रम नए छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ। एम.बी.ए. (फार्मा) के साथ ही बी.फार्मा और डी.फार्मा के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का भी प्रबोधन किया गया । यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कोर्स की प्रभारी डॉ. नेहा शर्मा चौधरी ने बताया कि यह समारोह केवल एक शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक नहीं है, बल्कि फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट और स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में मूल्यों, ज्ञान और जिम्मेदारी का दीक्षारंभ भी था।

इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. राजेश डंडोतिया, अतिरिक्त उप आयुक्त पुलिस, क्राइम ब्रांच इंदौर; डॉ. संदीप अत्रे, प्रसिद्ध काउंसलिंग मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक एवं सामाजिक बुद्धिमत्ता के विशेषज्ञ; संस्थाध्यक्ष, डॉ. अक्षय तिवारी, और समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। इस समारोह का समन्वयन डॉ. नेहा शर्मा चौधरी (प्रवेश प्रभारी) और डॉ. प्रिया जैन (प्राचार्य) ने कुशलतापूर्वक किया,जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित हुआ।

समूह निदेशक डॉ.पुनीत कुमार द्विवेदी ने एक जानकारीपूर्ण स्वागत भाषण दिया जिसने कार्यक्रम का भाव स्थापित किया। उन्होंने महामारी के बाद एमबीए इन फार्मास्यूटिकल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की बढ़ती प्रासंगिकता पर जोर दिया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि महामारी ने फार्मास्यूटिकल परिदृश्य को पुनर्परिभाषित किया है, पेशेवरों की महत्वपूर्ण आवश्यकता को उजागर किया है, जो प्रबंधन सिद्धांतों और फार्मास्यूटिकल प्रथाओं में अच्छी तरह से दक्ष हों। डॉ. द्विवेदी के शब्दों ने इस विकसित होते क्षेत्र में छात्रों को उन कौशलों से सुसज्जित करने के महत्व को मजबूत किया।

बतादें कि मध्य प्रदेश में इस विशेष पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाला पहला संस्थान होने के नाते, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज एम.बी.ए (फार्मा) प्रोग्राम के लिए 120 छात्रों की प्रशंसनीय अंतर्ग्रहण क्षमता के साथ खड़ा है।कॉलेज को इसके अलावा बी. फार्मा और डी. फार्मा पाठ्यक्रमों के लिए भी मान्यता प्राप्त है, जो ए.आई.सी.टी.ई -स्वीकृत हैं और राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल से संबद्ध है। फार्मास्यूटिकल शिक्षा के प्रति यह समग्र दृष्टिकोण संस्थान की फार्मेसी के क्षेत्र में नेताओं की एक नई पीढ़ी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डॉ. संदीप अत्रे द्वारा दिया गया मुख्य भाषण स्वामी विवेकानंद के उपदेशों से निकले मूल्यों की महत्वपूर्ण याद दिलाने वाला था। स्वयं की खोज, सहनशक्ति, और सामुदायिक सेवा पर उनका जोर छात्रों के साथ प्रतिध्वनित हुआ, जिससे नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक सफर की शुरुआत में एक उद्देश्य की भावना ग्रहण की। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश डंडोतिया ने छात्रों को साइबर अपराध के महत्वपूर्ण समकालीन मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबोधित किया। फार्मा मैनेजमेंट कार्यक्रम के युवा मस्तिष्क को उनकी प्रेरणा केवल प्रेरणादायक नहीं थी बल्कि व्यावहारिक भी थी, क्योंकि उन्होंने साइबर खतरों के प्रति जागरूकता और रोकथाम के उपायों पर अंतर्दृष्टि प्रदान की। नए छात्रों के लिए उनकी शुभकामनाएं फार्मेसी के क्षेत्र में भविष्य के नेताओं से व्यापक सामाजिक अपेक्षाओं को दर्शाती हैं।

अंत में, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज में उद्घाटन समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक समृद्ध अनुभव था जिसने भविष्य के पेशेवरों को आकार देने में नैतिकता, ज्ञान और जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया। जब ये छात्र फार्मास्यूटिकल मैनेजमेंट की गतिशील दुनिया में कदम रखते हैं, तो वे इस महत्वपूर्ण समारोह के दौरान प्राप्त प्रेरणाएँ, पाठ और मार्गदर्शन अपने साथ ले जाते हैं, समाज और फार्मास्यूटिकल उद्योग में प्रभावी योगदान करने की प्रतिबद्धता के साथ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. प्रिया जैन द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों को सामूहिक फार्मेसी शपथ दिलाई गई।सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा रक्षासूत्र बांधकर उत्कृष्ट शिक्षा देने का संकल्प लिया गया। सुश्री उर्वशी लोहानी के आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## रामस्वरूप मंत्री समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव, दिनेश सिंह कुशवाह सचिव बने

### मालवांचल में समाजवादी पार्टी में की गई कई नियुक्तियां

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुशंसा पर मध्य प्रदेश समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष डॉक्टर मनोज यादव ने इंदौर के वरिष्ठ समाजवादी नेता रामस्वरूप मंत्री को समाजवादी पार्टी का प्रदेश महासचिव तथा उज्जैन संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। महू के दिनेश सिंह कुशवाह को प्रदेश सचिव और उज्जैन संभाग का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राजेंद्र यादव को नगर अध्यक्ष इंदौर, बटेश्वर सिंह को जिला अध्यक्ष इदौर ,लीलाधर चौधरी को जिला अध्यक्ष देवास, सुषमा यादव को महिला सभा जिला अध्यक्ष इंदौर, मोहनलाल पाटीदार को जिला अध्यक्ष आगर, रामबाबू अग्रवाल को संभागीय प्रभारी इंदौर, अशफाक हुसैन को प्रदेश सचिव, भगवान सिंह यादव को प्रदेश सचिव, श्रीमती ललिता मेहरा को प्रदेश महिला सभा की उपध्यक्ष, कमलेश परमार को उज्जैन जिला अध्यक्ष, कलसिंह झामर को झाबुआ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों ने पार्टी की जिम्मेदारी दिए जाने के लिए श्री अखिलेश यादव और डॉक्टर मनोज यादव का आभार व्यक्त किया है तथा कहा है कि वह इस जिम्मेदारी को निभाते हुए मालवा निमाड़ अंचल में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।



# महाराष्ट्र के वोटरों को साधने की कोशिश इंदौर से, रेसीडेंसी कोठी का नाम शिवाजी कोठी रखा, विरोध भी शुरू

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के रास्ते राजनीतिक लाभ पाने की कोशिश शुरू हो गई है और उस पर भी राजनीति शुरू हो गई है। हाल ही में इंदौर की रेसीडेंसी कोठी का नाम शिवाजी कोठी रखने का प्रस्ताव नगर निगम परिषद की बैठक में मंजूर किया गया। इस फैसले का विरोध इंदौर के धनगर समाज के संगठन ने शुरू कर दिया। उनका कहना है कि देशभर में देवी अहिल्या बाई का त्रिशाताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इंदौर की प्रतिष्ठति रेसीडेंसी कोठी का नाम देवी अहिल्या के नाम पर होना चाहिए। रेसीडेंसी कोठी नाम शिवाजी कोठी रखकर भाजपा ने महाराष्ट्र के चुनाव में वोटरों को साधने की कोशिश की है। दरअसल इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में तीन लाख से अधिक मराठीभाषी परिवार रहते है।उनमें से कई लोगों के खेत व पैतृक निवास महाराष्ट्र में है और कुछ वहां के वोटर भी है। इसके अलावा इंदौर निवासी कई परिवारों के रिश्तेदार भी महाराष्ट्र में रहते है।




नाम बदलने की कवायद से भाजपा को महाराष्ट्र चुनाव में इंदौर और आसपास से मदद मिल सकती है, लेकिन नामकरण की राजनीति में नया पेंच भी आ गया है। सोमवार सुबह इंदौर के धनगर समाज के युवा रेसीडेंसी कोठी पर प्रदर्शन करने पहुंचे। उन्होंने खुद ही रेसीडेंसी कोठी के नाम के नीचे देवी अहिल्या कोठी का बैनर लगा दिया। प्रदर्शन में शामिल जतिन थोरात, रणजीत भांड ने कहा कि उनके लिए शिवाजी महाराज देवता तुल्य है, लेकिन देवी अहिल्या ने देशभर में कई धर्मशालाएं, घाट बनवाए। यदि इंदौर की कोठी का नाम ही बदला जाना है तो फिर उसे देवी अहिल्या के नाम पर किया जाना चाहिए।

### काशिद को बनाया अध्यक्ष

महाराष्ट्र के जालना से स्वाति युवराज काशिद इंदौर में ब्याही गई है। तीन साल से उन्होंने मराठीभाषी समाजों में दखल बढ़ाई है और जालना से इंदौर तक पैदल यात्रा भी निकाली। स्वाति भाजपा से जुड़ी है और इंदौर में कई आयोजन भी कराती है। उन्हें 17 अक्टूबर को अखिल भारतीय महिला मराठीभाषी महासंघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इस महासंघ से लाखों मराठीभाषी परिवार जुड़े है। चुनावी दौर में उनकी नियुक्ति को भी मराठी भाषी वोटरों को साधने की कोशिश बताई जा रही है,क्योकि इंदौर संभाग में काफी मराठीभाषी परिवारों के रिश्तेदार महाराष्ट्र में है और कई महाराष्ट्र के कई व्यापारी कारोबार के सिलसिले में इंदौर आते है। इंदौर संभाग की सीमा भी महाराष्ट्र से जुड़ी है।

# पेड़ों की कटाई और बिल्डरों के अवैध निर्माण पर फूटा गुस्सा, नगर निगम को अल्टीमेटम



**इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर में पेड़ों की कटाई और बिल्डरों के द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माणों पर रहवासियों का गुस्सा फूटने लगा है। अब रहवासी सड़कों पर आकर भी विरोध प्रदर्शन करने लगे हैं। इसी तरह का मामला केसरबाग रोड पर नजर आया। यहां बिल्डरों द्वारा लगातार अवैध निर्माण किए जा रहे हैं और हरे भरे प्राचीन पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। रहवासियों ने रविवार को एक बैठक रखी और फिर मौका मुआयना कर पेड़ों की कटाई देखी। रहवासियों ने अमर उजाला को बताया की केसरबाग रोड पर स्कीम नंबर 103, नेमा नगर, नालंदा परिसर अरिहा एन्क्लेव, सुन्दर विहार, तेजपुर गड़बड़ी सभी जगह यही हाल हैं। यहां पर बिल्डरों पर किसी का बस नहीं है। महापौर, पार्षद को कई बार शिकायत कर चुके हैं, जनसुनवाई में भी गए हैं लेकिन कुछ भी नहीं हो रहा है। बिल्डर इतने बेकाबू हो चुके हैं कि जहां घर बनाते हैं उसके दूर दूर तक के पेड़ों को पूरी तरह से कटवा देते हैं। न तो कोई अनुमति ली जाती है न ही जानकारी दी जाती है। दूसरों की सीमा में आने वाले और सड़क किनारे सरकारी भूमि पर लगे पेड़ों को भी रातों रात कटवा दिया जाता है।

### महापौर से लेकर जनसुनवाई तक की शिकायत

रहवासियों ने कहा कि शिकायत करने पर कभी कभी एक से दो दिन काम बंद रहता है फिर वही सब शुरू हो जाता है। यहां बिल्डरों के द्वारा हरे भरे फलदार पेड़ों की बिना कारण कटाई करके पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा है लेकिन कोई देखने सुनने वाला नहीं है। आज हुए आंदोलन में क्षेत्र की सभी कॉलोनियों के रहवासी संघों के अध्यक्ष तथा जागरूक लोग इकट्ठा हुए और इन अवैध निर्माणों पर अब कोई कार्रवाई नहीं होने पर आगे की आक्रामक रूप रेखा तय की गई।

### पार्किंग नहीं, ड्रेनेज लाइन खराब, पीने का पानी भी नहीं आता

रहवासियों ने बताया कि आईडीए के नियमानुसार एक प्लाट पर एक ही रजिस्ट्री होना चाहिए किन्तु सारे नियम कायदों को ताक में रखकर चारों और अवैध निर्माण धड़ल्ले से किए जा रहे हैं। छोटे छोटे प्लाटों पर भी प्रकोष्ठ की आड़ लेकर एक प्लाट पर 5-5, 6-6 परिवारों को बसा दिया जाता है। इसमें पर्याप्त पार्किंग छोड़ना तो दूर किसी भवन में तो बिल्कुल भी पार्किंग नहीं छोड़ी जाती है। अन्य समस्याओं ने भी बसाहट बढ़ने के साथ अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है। ड्रेनेज की भी समस्या आए दिन हो रही है और वोल्टेज की समस्या भी बढ़ने लगी है। पानी की समस्या तो बरसात के दिनों में भी होने लगी है, जबकी अभी तो कॉलोनी आधी भी नहीं भरी है। भविष्य में दिख रही विकराल समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र के सभी रहवासी संघ एक साथ आंदोलन शुरू कर रहे हैं। क्षेत्र के रहवासियों ने चेतावनी दी है यदि बिल्डरों पर जल्दी ही लगाम नहीं लगी तो रहवासी श्रृंखलाबद्ध तरीके से प्रदर्शन शुरू करेंगे।

# अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु संगठन और अंतरराष्ट्रीय श्री राम सेवा के पदाधिकारीयो की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी

**(दीपावली पर्व तारीख संशय निवारण बैठक) कई विद्वानजन रहेंगे उपस्थित**

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज शर्मा (पाटन वाला) और प्रदेश प्रवक्ता डॉ संतोष वाधवानी (रत्न विशेषज्ञ) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। श्री राम सेवा के संजय शर्मा जी में जानकारी देते हुए बताया कि जैसा कि सर्व विदित है दीपावली पर्व को लेकर काफी संशय की स्थिति बनी हुई है कुछ विद्वानों में दिनांक 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाने का निर्णय ले लिया है और काफी सारे विद्वान 1 नवंबर पर अड़े हुए है अतः इस संशय के निवारण हेतु अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु एसोसिएशन एवं अंतर्राष्ट्रीय श्री राम सेना द्वारा एक बैठक का आयोजन दिनांक 23 अक्टूबर बुधवार को दोपहर



4 बजे बजे विद्वानों की बैठक का निर्णय लिया हे जिसमें विद्वानों के अलावा जनता भी सादर आमंत्रित हे ताकि सभी के विचार जाने जा सके और अंतिम निर्णय जनता की सलाह से लिया जा सके।

**दिनांक 23/10/2024 बुधवार**

**समय दोपहर 4 बजे से**

**स्थान श्री गंगा बगीची**



**धार्मिक एवं शैक्षणिक ट्रस्ट पंच कुइयां रोड इन्दौर**

महत्वपूर्ण बैठक में विशेष रूप से इंदौर शहर के जाने-माने ज्योतिष एवं वास्तु के जानकार विद्वानों में

पंकज शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष

अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु एसोसिएशन और प्रदेश प्रवक्ता डॉ संतोष वाधवानी (इंदौर भाजपा सांसद प्रतिनिधि) शहर के जाने वाले माता बगलामुखी साधक महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 प्रेमानंद महाराज

**डॉ रामशंकर तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**अंतरराष्ट्रीय श्रीराम सेना**

**पंडित संजय शर्मा संयोजक**

**नीरज शर्मा संयोजक**

पंडित विनोद शास्त्री, श्री उमाशंकर शर्मा श्री नारायण वैष्णव श्री गौरव गुप्ता श्री गौरव अग्रवाल श्री आनंद परमारश्री श्री मति श्रद्धा सोनी सुश्री भावना दुबे श्री राजेश शास्त्री श्री जय दीप दुबे श्री प्रकाश गोड श्री राजेश चंदवानी श्री एम के जैन श्रीमती नीलू जैन श्रीमती नीतू मित्तल श्री मति पूनम वाजपेई जी की गरिमा में उपस्थिति में यह बैठक आयोजित होगी।




# रॉयल्स गरबा मंडल ने बालिकाओं को पुरस्कार बांटे

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

भक्ति में शक्ति की आराधना करते हुए मां दुर्गा के जयकारें लगाते हुए नन्ही बालिकाओं ने गरबा किया। साथ ही बालिकाओं को उनकी भक्ति के साथ गरबा में भाग लेने और माताजी को आराधना किए जाने के फलस्वरूप पुरस्कार वितरित किए गए। स्थानीय बजरंग नगर में रॉयल्स गरबा मंडल की बालिकाओं ने नवरात्रि के दौरान माताजी की आराधना में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुति दी थी, उसके फलस्वरूप पुरस्कार बांटे गए। बजरंग नगर में रॉयल्स गरबा मंडल आयोजक नूपुर पप्पू यादव द्वारा आयोजित महाप्रसादी के साथ गरबे में शामिल बालिकाओं को पुरस्कार वितरण किया। मुख्य रूप से उड़ान ग्रुप , युवा नेता अंकित यादव, पत्रकार राजेश यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजेंद्र वर्मा,राजेश यादव, सचिन यादव एड. विनय यादव,कन्हैया यादव,प्रदीप यादव,धर्मेंद्र यादव,रविंद्र यादव,गोपाल यादव,राहुल यादव, विजय शंकर यादव,यतींद्र यादव,सुरेंद्र यादव, एड. ऋषि यादव,राहुल यादव, श्री बालाजी,गोपाल यादव,सचिन यादव उड़ान ग्रुप आदि उपस्थित हुए।

# इंदौर का आरएनटी बनेगा मॉडल रोड, कुर्सियां, म्यूरल लगना शुरू



**इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर का रवींद्र नाट्य टैगोर मार्ग को नगर निगम मॉडल रोड की तर्ज पर बना रहा है। पहले चरण में सड़क के दोनो तरफ फुटपाथों पर इंटरलाकिंग टाइल्स और सीमेंट के छोटे पोल लगाए गए है। इसके अलावा बैठने के लिए बैंच भी लगाई जा रही है। यह इंदौर का दूसरा मॉडल रोड होगा। इससे पहले ग्रेटर कैलाश अस्पताल रोड को आठ साल पहल मॉडल रोड के रुप में विकसित किया गया था। गांधी प्रतिमा से नेहरु प्रतिमा तक डेढ़ किलोमीटर लंबे आरएनटी मार्ग की चौड़ाई 100 फीट से ज्यादा है। इस मार्ग पर रवींद्र नाट्यगृह, पुलिस कमिश्नर कार्यालय, देवी अहिल्या विश्व विद्यालय है। फुटपाथ पर नगर निगम देवी अहिल्या पर आधारित एक म्यूरल भी तैयार कर रहा है। उसे देवी अहिल्या विश्व विद्यालय परिसर के बाहर लगाया जाएगा। इसके अलावा खुशबूदार और रंग-बिरंगी पत्तियों के पौधे भी फुटपाथों पर लगाए जाएंगे। सौर ऊर्जा से चलने वाले लैंप और एलईडी भी इस मार्ग को सजाया जाएगा। मार्ग के फुटपाथ वाले हिस्से पर गजिबो, ग्रीन कार्पेट घास भी लगाई जाएगी। डेढ़ साल पहले इस मॉडल रोड को बनाने की योजना तैयार की गई थी। अब यहां काम शुरू हो चुका है। वहीं मॉडल रोड पर नेकी की दीवार, लाइब्रेरी की व्यवस्था भी रहेगी। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि दो माह के भीतर मॉडल रोड तैयार हो जाएगा। इस मार्ग से जुड़े चौराहे नेहरु प्रतिमा और गांधी प्रतिमा की रोटरी को भी आकर्षक बनाया जाएगा।



# दिव्यांग बच्चों को योग एवं फिजियोथैरेपी से स्वस्थता का उपहार

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

संस्था संपूर्ण व्योम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शुभम नगर स्कीम नंबर 51 में दिव्यांग बच्चों को योग एवं फिजियोथैरेपी से स्वस्थता का उपहार दिया जा रहा है। सोसायटी दिव्यांग बच्चों का मनोवैज्ञानिक तरीके से बौद्धिक,शारीरिक एवं रचनात्मक पहल के जरिए परिपक्व बना रही हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। अभी संस्था में 15 बच्चे डे केयर सेंटर में अध्ययन कर रहे हैं। वही चार बच्चे रहवासी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण का दायित्व प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रमिला चिरोटे प्रशिक्षण दे रही है। संस्था सचिव मनीष तिवारी एवं योग आचार्य वीरसिंह यादव ने बताया कि हम दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षा नियमित, योग प्रशिक्षण, फिजियोथैरेपी के दौरान आत्मनिर्भर बनाने की ओर प्रयासरत है।

# भीख मांगने वाले बच्चों के पास मिल रहा नशे का जखीरा, अधिकारी भी हैरान

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

**शहर को भिक्षुक मुक्त कराए जा रहे अभियान में अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिल रही हैं, वहीं नशे की गिरफ्त में आ रहे बच्चों के पास नशे का जखीरा भी बरामद हो रहा है। अब तक 200 से अधिक भिक्षुकों को उज्जैन के सेवाधाम में भर्ती कराया जा चुका है, वहीं 67 बच्चे भी संस्थाओं में भर्ती कराए गए हैं। इनमें से कई के पास सफेद पावडर, पंचर चिपकाने का सुलोचन बरामद हुआ है। कपड़े की पोटली बनाकर सूंघने की भी पुष्टि हुई है। इन बच्चों को रिहेब सेंटर में भर्ती कराया गया है।**



### भिखारियों के गिरोह का पर्दाफाश

भीख मांगकर पेट पालने का बहाना बना रहे भिक्षुकों को असलियत सामने आने लगी है। जिला प्रशासन द्वारा चलाई गई मुहिम में पारदी समूह द्वारा आदतन भिक्षावृत्ति करने का मामला भी सामने आया है, जिस पर सख्त कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन इनके झोपड़े तोड़ने के साथ-साथ राजस्थान वापस भिजवाने की कार्रवाई की है। महिला एवं बाल विकास विभाग व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिन बच्चों को रेस्क्यू किया गया है, उनमें से 50 प्रतिशत बच्चे नशे के आदी हैं। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 10 से 13 साल की दो बच्चियां पावडर का नशा करती हैं, वहीं लड़के सुलोचन सूंघने के आदी है। जिस पर कार्रवाई करते हुए रिहेब सेन्टर में भर्ती करवाया गया है। ज्ञात हो कि हाल ही में भिक्षुक गिरोह चलाने वाले सरगनाओं की भी मौजूदगी की पुष्टि की गई थी, जिस पर जिला प्रशासन नजर बनाए हुए है। हाल ही सरवटे बस स्टैंड से लाज में ठहरकर भिक्षावृत्ति करने वाले गिरोह का भी पर्दाफाश हुआ था और इन्हें इनके मूल क्षेत्र राजस्थान की ओर ट्रेनों में बैठाकर रवाना किया गया था।

### सेवाधाम से नहीं मिलेगी छुट्टी

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जारी किए गए निर्देश के अनुसार शहर में जितने भी भिक्षुकों को रेस्क्यू किया जा रहा है, उन्हें उज्जैन के सेवाधाम में भर्ती कराया जा रहा है। यहां उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए न केवल काउंसलिंग सेशन आयोजित कराए जा रहे हैं, वहीं कई तरह के काम की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। ज्ञात हो कि जनसुनवाई व कलेक्टर की सुनवाई में पहुंच रहे आवेदक टीम द्वारा गलत धरपकड़ करने का आरोप भी लगाया जा रहा है, जिसे कलेक्टर ने सिरे से नकारते हुए भिक्षुकों को छोड़ने से साफ मना कर दिया है।





# बलेनों कार से 10 पेटी अवैध शराब परिवहन करते हुए सोहेल को आबकारी विभाग ने धर दबोचा

■ पीथमपुर । संभाग पोस्ट

पीथमपुर सेक्टर नंबर 1 के छत्रछाया कॉलोनी में स्विफ्ट कर से लगभग 10 पेटी अब शराब परिवहन करते हुए आबकारी विभाग ने अपनी गिरफ्त में लिया है। जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्र के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही हेतु वृत सागौर में छत्र छाया कॉलोनी पीथमपुर में सोहेल पिता अब्दुल खाऩ, निवासी पीथमपुर के आधिपत्य वाले मारुति बलेनो कार श्इ13ैंख2752 की तलाशी लेने पर कुल 90.0 बल्क लीटर अवैध देसी मदिरा जप्त की गई। आरोपी सोहेल पिता अब्दुल खाऩ के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34 (1) (क) व 34 (2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक द्वारा नवीन विधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से वीडियो आदि बनाकर की गई। जप्त मदिरा एवं वाहन की कुल अनुमानित क़ीमत लगभग रुपए 7, लाख 40 हजार रुपए है।

### इनका कहना है

देर रात छत्रछाया कॉलोनी के पास एक सफेद रंग की बलेनो गाड़ी मैं लगभग 90 बल्क लीटर 10 पेटी अवैध देशी शराब जप्त की है, और सोहेल खान को रंगे हाथ पकड़ा है जिसकी वीडियो ग्राफी कर मुकदमा पंजीबद्ध कर लिया गया है।

**राधेश्याम राय आबकारी विभाग अधिकारी**

# अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस थाना सेक्टर 1 पीथमपुर को मिली बडी सफलता

### 8 किलो अवेध मादक पदार्थ (गांजा) तस्करी करने वाले दो आरोपीयों को किया गिरफ्तार

■ पीथमपुर । संभाग पोस्ट

पुलिस अधीक्षक महोदय धार मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय पीथमपुर अमित कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी सेक्टर 1 पीथमपुर निरीक्षक ओ पी अहिर को अवेध मादक पदार्थ की तस्करी पर रोकथाम हेतु निर्देश दिये गये जिसके तारतम्य मे थाना प्रभारी ओ पी अहिर द्वारा अवेध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु एक टीम बनाई गई। टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग करते शुक्रवार को रात्री 11 बजे मानपुर तरफ से पीथमपुर आ रहे मोटर सायकल क्र. MP09ZF0655 में राजेश चोहान पिता जगदीश चोहान उम्र 28 साल नि. ग्राम दसोडा थाना धरमपुरी जिला इन्दौर एवं नितेश पिता देवीसिंह मुकाती उम्र 22 साल नि. ग्राम दसोडा थाना धरमपुरी जिला धार दोनों के बीच मे मोटर सायकल पर सफ़ेद बोरी रखकर आ रहे थे जिन्हे संदिग्ध अवस्था मे होने से रोका गया तथा चेक किया चेक करते समय के बीच मे रखी बोरी मे 8 किलो अवैध मादक पदार्थ (गांजा) पाया गया। आरोपीयों से मोके पर ही अवैध मादक पदार्थ (8 किलो गांजा जप्त कर आरोपीयों को गिरफ़्तार किया गया हिंआरोपीयों को गिरफ़्तार करने मे निरीक्षक ओ पी अहिर, सउनि रविन्द्र जाट, प्र.आर.463 सुरज तिवारी, प्र.आर. 225 महेश यादव, आर. 872 शेलेन्द्र भदोरिया, आर.867 राहुल हिरवे, आर. 909 सतपाल की महत्वपुर्ण भूमिका रही।



# इंदौर में अब रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक नहीं कोई उड़ान नहीं, 27 अक्टूबर से लागू होगा विंटर शेड्यूल

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

इंदौर सहित देश के सभी विमानतलों पर 27 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल लागू होने जा रहा है। इस शेड्यूल में इंदौर से कोई नहीं उड़ान नहीं है। कुछ उड़ानों का समय भी बदला है। इस कारण अब इंदौर एयरपोर्ट से रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक कोई उड़ान नहीं होगी। पहले इंदौर से शारजाह के लिए रात 12 बजे के बाद इंदौर से विमान उड़ान भरता था, लेकिन अब यह उड़ान 11.55 बजे ही इंदौर से रवाना हो जाएगा। पुणे से रात 1.40 बजे इंदौर आने वाली उड़ान भी अब सुबह 5 बजे इंदौर के लिए रवाना होगी और सुबह छह बजे इंदौर पहुंचेगी। कोरोना के पहले इंदौर में 24 घंटे एयरपोर्ट खुला रहता था। इसके चलते रात के लिए अलग से स्टॉफ रहता था, लेकिन बाद में रनवे की मरम्मत के कारण रात में उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। इसके बाद रात और अलसुबह उड़ानों की संख्या कम हो गई थी।

# मदरसों में खुशियों की लहर, जारी रहेगी फंडिंग, सरकारी स्कूल में नहीं ट्रांसफर होंगे बच्चे, जानें आदेश

■ **भोपाल । संभाग पोस्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (ज्इ्रीं) की सिफारिशों पर सोमवार को रोक लगा दी। इस फैसले के बाद देश भर के मदरसों को भी सरकार की ओर से मिलने वाली फंडिंग जारी रहेगी। एनसीपीसीआर ने शिक्षा के अधिकार कानून का पालन नहीं करने पर सरकारी वित्त पोषित और सहायता प्राप्त मदरसों को मिलने वाली धनराशि रोकने की मांग की थी। अदालत के इस फैसले से प्रदेश के वे छह हजार से ज्यादा मदरसा भी राहत महसूस कर रहे हैं, जिन पर बंद होने की तलवार लटकी हुई थी। जानकारी के मुताबिक, एससी ने गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में भेजने के संबंध में ज्इ्रीं की सिफारिश भी खारिज कर दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को इस मामले पर फैसला सुनाया। मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील की दलीलों को पीठ ने सुना, जिसमें कहा गया कि एनसीपीसीआर और कुछ राज्यों की कार्रवाइयों पर रोक लगाने की जरूरत है।

मुस्लिम संगठन ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकारों के उस निर्देश को चुनौती दी है, जिसमें कहा गया कि गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इस वर्ष सात जून और 25 जून को जारी एनसीपीसीआर के



सिफारिश पर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि इसके चलते किए गए राज्यों के आदेश भी स्थगित रहेंगे। न्यायालय ने मुस्लिम संस्था को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी अपनी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दी।

**मप्र में लड़ रहा था आधुनिक मदरसा कल्याण संघ**

मदरसों पर तालाबंदी के हालात को लेकर आधुनिक मदरसा कल्याण संघ लंबे अरसे से लड़ाई लड़ रहा था। संघ के मौहम्मद सुहैब कुरैशी, हाफिज जुनैद अहमद, कफिल अहमद आदि इस मामले को लेकर सरकार से लेकर प्रशासन तक गुहार लगा रहे हैं। इस मामले को लेकर अदालत में भी याचिका दाखिल की गई हैं।

**NCPCR का क्या है इस मामले पर तर्क**

एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने बीते दिनों कहा था कि उन्होंने मदरसों को बंद करने के लिए कभी नहीं कहा। बल्कि, उन्होंने इन संस्थानों को सरकार की ओर से दी जाने वाली धनराशि पर रोक लगाने की सिफारिश की क्योंकि ये संस्थान गरीब मुस्लिम बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। कानूनगो ने कहा कि गरीब पृष्ठभूमि के मुस्लिम बच्चों पर अक्सर धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के बजाय धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए दबाव डाला जाता है। उन्होंने कहा कि वह सभी बच्चों के लिए शिक्षा के समान अवसरों की वकालत करते हैं। दरअसल, एनसीपीसीआर ने एक हालिया रिपोर्ट में मदरसों की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता जताई थी। इस आधार पर ऐक्शन लेने की मांग की गई। हालांकि, इस रिपोर्ट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। सत्तारूढ़ भाजपा पर अल्पसंख्यक संस्थानों को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाने का आरोप लगाया गया।

**शिक्षा से जुड़े रहेंगे बच्चे**

आधुनिक मदरसा कल्याण संघ के मौहम्मद सुहैब कुरेशी, हाफिज जुनैद अहमद, कफिल अहमद ने कहा कि आमतौर पर मदरसों में गरीब और पिछड़े तबके के बच्चे शिक्षा हासिल कर रहे हैं। अदालत का यह फैसला प्रदेश के हजारों मदरसा स्टूडेंट्स के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

# महेश मेमोरियल स्कूल बाग के भूतपूर्व छात्र प्रीतम जामोद ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि








## कॉम्बैट ड्रोन और इंजन निर्माण में शानदार काम के लिए रक्षामंत्री द्वारा हुए सम्मानित

■ **बाग । संभाग पोस्ट**

बाग के स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के रूप में कार्यरत देवकी जी जामोद के बेटे, प्रीतम जामोद ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और मेहनत से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आईआईटी जम्मू के स्टार्टअप ऐंड्र एयरो स्पेस के सह-संस्थापक प्रीतम और उनकी टीम ने अत्याधुनिक कॉम्बैट ड्रोन और टर्बोजेट इंजन विकसित किए हैं। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गनाइजेशन (DRDO) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रीतम जामोद को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर DRDO के चेयरमैन डॉ. समीर वी. कामथ भी मौजूद थे। महेश मेमोरियल स्कूल के 2004 से 2016 तक के नियमित छात्र रहे प्रीतम ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माताजी देवकी जी और स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. करुणेश सुनीता रघुवंशी को दिया। प्रीतम ने बताया कि उनकी टीम ने देश की सुरक्षा के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने में उल्लेखनीय प्रगति की है, और वे आर्मी और नेवी के लिए उन्नत ड्रोन और इंजन बनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। महेश मेमोरियल स्कूल बाग के सभी छात्रों को प्रेरित करते हुए प्रीतम ने कहा की लगातार ईमानदारी के साथ अपनी पढ़ाई का कार्य करते हुए 'देश की सेवा के लिए आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करें।'



















संभाग पोस्ट

# ऑनलाइन सट्टा चलाने वाली अंतरराज्यीय गैंग, क्राईम ब्राँच इंदौर की कार्यवाही में धराई



















**■ऑनलाइन गेमिंग सट्टा संचालित करने वाले 09 आरोपी पकड़ाए। ■आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल, 02 लैपटॉप, 08 एटीएम, 18 हजार 250 रू नगदी एवं ऑनलाइन सट्टे के हिसाब किताब का करोड़ों रुपए का लेखा जोखा जप्त। ■आरोपी द्वारा राऊ क्षेत्र के सिलिकॉन सिटी में ऐप के माध्यम से ग्राहकों की आईडी बनाकर लैपटॉप एवं मोबाइल के माध्यम से संचालित किया जा रहा था ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा। ■आरोपियों के विरुद्ध थाना क्राईम ब्रांच इंदौर में किया जा रहा है अपराध पंजीबद्ध।**










**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर शहर में ऑनलाइन जुआ, सट्टा एवं अवैधानिक गतिविधियां संचालित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।

इसी अनुक्रम मे क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि राउ क्षेत्र के सिलिकॉन सिटी में ऑनलाइन गेमिंग का सट्टा संचालित किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर दबिश देते उक्त स्थान में कुछ व्यक्तियो जो की लैपटॉप एवं मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे, पुलिस टीम द्वारा पकड़ा जिन्होंने पूछताछ पर अपना नाम (1).धीरज राठौर निवासी अलीराजपुर(म. प्र.), (2).चंदन मोरे निवासी जिला गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) , (3). नितिन गर्ग निवासी जबलपुर (मध्य प्रदेश), (4).दीपक कुशवाह निवासी जबलपुर (मध्य प्रदेश), (5).भारत सिंह निवासी जिला सरसा (बिहार), (6).विशाल बागडे निवासी बालाघाट (मध्य प्रदेश), (7).अमन पाटिल निवासी नागपुर महाराष्ट्र , (8).विजय पाल निवासी जिला अलीराजपुर (मध्य प्रदेश), (9). आकाश निवासी जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) होना बताया। आरोपियों से पूछताछ करते उक्त स्थान से Lotus ऐप के माध्यम से विभिन्न खेलों में इंटरनेट से ग्राहकों को आईडी बनाकर ऑनलाइन सट्टा खिलवाना स्वीकार किया। आरोपी से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि देश के कई शहरों में इस तरह का नेटवर्क फैला है जहां इस तरह के ऑनलाइन ठगी के सेंटर चल रहे हैं। आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल, 02 लैपटॉप, 08 एटीएम, 18 हजार 250 रू नगदी एवं ऑनलाइन सट्टे के हिसाब किताब का करोड़ों रुपए का लेखा जोखा जप्त करके आरोपियों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा जिला इंदौर में की जा रही है कार्यवाही एवं आरोपियों से अपराध से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।




# इंदौर पहुंची डबल डेकर बस, एक साथ 60 यात्री कर सकेंगे सफर, एक माह होगा ट्रायल रन

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर की सड़कों पर अब डबल डेकर बसें शहरवासियों को नजर आएगी। फिलहाल ट्रायल रन के लिए एक बस इंदौर पहुंच चुकी है। एक माह तक इस बस का ट्रायल रन होगा। इसके बाद इसके रुट तय होंगे। शहर के पर्यटन स्थलों से जुड़े रुटों पर यह बस चलाई जा सकती है। इस तरह की बसें मुबंई में काफी चलती है। इंदौर में पहली बार डबल डेकर बस चलेगी। पहला रुट इस बस का एआईसीटीएसएल से स्कीम-140, खजराना चौराह, रोबट चौराहा तय किया गया है। शहर के अलग-अलग रूटों पर एक माह तक इस बस का ट्रायल रन होगा। इस बस की ऊंचाई 15 फीट है। बस में एक साथ साठ यात्री सफर कर सकते है। डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस का संचालन एआईसीटीएसएल करेगा। बस की ऊंचाई ज्यादा होने के कारण बस चौड़े मार्गों पर ज्यादा उपयोगी साबित होगी, क्योंकि शहर के पुराने इलाकों में बिजली के तार, केबल बस के उपरी हिस्से से टकराने का खतरा रहेगा।

### यह है डबल डेकर बस की खासियत

देश की अशोक लीलेंड कंपनी ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस तैयार की है। आम बसों की तुलना में इसके दरवाजे चौड़े है। बस को हल्की एल्यूमिनियम बॉडी में बनाया गया है। दो सीढ़ियों के अलावा आपात कालीन द्वारा भी बस में रहेंगे।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा धार जिले के ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

**■ बाग । संभाग पोस्ट**

कुक्षी बीआरसी कार्यालय के सभा कक्ष में कुक्षी तहसील ओर तीन ब्लॉक अध्यक्षों का मनोनयन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला धार के संरक्षक श्री मोहनलाल यादव एवं जिला अध्यक्ष दिलीप शास्त्री के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला अध्यक्ष एवं संरक्षक के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम कुक्षी के मुकेश पाटीदार को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ कुक्षी तहसील के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया वही बाग ब्लॉक अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह ठाकुर को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया सभाकक्ष में उपस्थित सभी शिक्षक साथियों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। बाग ब्लॉक से तहसील कार्यकारिणी सदस्य श्री नारायण रावत मुकेश सिंदल दिनेश बघेल जितेंद्र भिड़े ने अतिथियों को फूल माला पहनाकर स्वागत सत्कार अभिनंदन किया।



यादव ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें संघ में अधिक से अधिक शिक्षक साथियों को जोड़कर एक मजबुत संगठन खड़ा करना है, ताकि शिक्षक साथियों की समस्या का समाधान तत्काल हो ।ज़िला अध्यक्ष शास्त्री ने भी कहा कि हमें संघ को मजबूती से आगे बढ़ाना होगा साथ ही समस्या का समाधान एक होकर करना होगा संगठन आपकी समस्या को उठाने के लिए हम हर समय प्रयत्नशील रहेगे। तत्पश्चात कुक्षी तहसील के ब्लांक अध्यक्षों के निर्वाचन की कार्रवाई की गई।

सभी ब्लांक अध्यक्षों ने अपने पदों पर मनोनीत होने पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया धर्मेंद्र सिंह ठाकुर को बाग ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद नायक संघ के अंतर सिंह गहलोत जगदीश अलावा सबल सिंह सिसोदिया अलका राठौर वैशाली दिघे सजन अहरवाल दीप्ति अजनारिया वरिष्ठ शिक्षक प्रताप सिंह रावत गोपी किशन चांडक योगेश राठौर प्रतिक पवार, जन शिक्षक दीप सिंह डावर रायसिंह अनारे इदरीस खान बृजेश शर्मा प्रेम सिंह मंडलोई रवि सिसोदिया दिनेश अगल्चा भयूलाल सोलंकी और अनेक शिक्षक साथियों के द्वारा धर्मेंद्र सिंह ठाकुर को बधाई देकर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन कुक्षी बीएसी मुकेश पाटीदार ने किया तथा आभार बीएसी धनश्याम पाटीदार ने माना। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# इंदौर एयरपोर्ट को फिर बम में उड़ाने की धमकी, एक्स पर आया मैसेज- फ्लाइट में दस यात्रियों के पास बम

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

**इंदौर एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एयरपोर्ट को बम में उड़ाने की धमकी का मैसेज आया। मैसेज में लिखा गया कि इंदौर-दिल्ली फ्लाइट में पांच यात्री बम के साथ सवार है। हर कोई कब्र में समा जाएगा।**




इस मैसेज को गंभीरता से लेते हुए अलायंस एयर के विमान की जांच की गई। एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। इसके चलते उड़ान में भी एक घंटे की देरी हुई। इंदौर एयरपोर्ट को इस माह दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली। मैसेज में पांच उड़ानों की संख्या का जिक्र था। उसमें इंदौर-दिल्ली की उड़ान का भी जिक्र था। यह विमान दिल्ली से दोपहर साढ़े 12 बजे इंदौर के लिए रवाना हुआ और दोपहर 1.40 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचा। धमकी को देखते हुए इंदौर विमानतल पर सुरक्षा बढ़ाई गई थी। खोजी श्वानों की मदद से विस्फोटक सामग्री खोजी जा रही थी। यात्रियों की भी अतिरिक्त जांच की गई,हालांकि किसी भी तरह की विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

## छठी बार मिली धमकी

इंदौर एयरपोर्ट को छठी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस माह इंदौर के सुरक्षा अधिकारी के मेल पर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया था। इससे पहले भी धमकियां मिल चुकी है।

## इंदौर में कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ की बैठक

भोपाल में एमडी ड्रग्स का बड़ा जखीरा मिलने के बाद पूरे प्रदेश में उद्योगों की जांच का अभियान शुरू किया जा रहा है, इसी के तहत इंदौर जिले के अंतर्गत संचालित होने वाली केमिकल और दवा निर्माण करने वाली कंपनियों की जांच जल्द ही शुरू की जाएगी, पुलिस प्रशासन,नगर निगम और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर सभी बिंदुओं पर जांच की जाएगी, इससे पहले आज इंदौर के कलेक्टर कार्यालय में एक समन्वयक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस, उद्योग, आयुष सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे,कलेक्टर आशीष सिंह ने बैठक के माध्यम से जरूरी जानकारी से सभी को अवगत कराया।

# कैलाश विजयवर्गीय ने आतंकी घटना को लेकर उमर सरकार को जिम्मेदार ठहराया, बोले- ड्रग्स के खिलाफ लड़ता रहूंगा

■ छिंदवाड़ा। संभाग पोस्ट

छिंदवाड़ा पहुंचे नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने छिंदवाड़ा में जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आतंकवादी हमले के पीछे वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि चुनाव के बाद जो परिणाम आए हैं, जो सरकार बनी है, उसके द्वारा इन आतंकवादी संगठनों को संरक्षण मिल रहा है। लेकिन हमें हमारे देश के गृहमंत्री पर पूरा भरोसा है जल्द ही इस पर एक्शन लिया जाएगा, क्योंकि गृहमंत्री जो बोलते हैं वह करते हैं। दरअसल कैलाश विजयवर्गीय छिंदवाड़ा प्रवास पर पहुंचे हैं, जहां उन्होंने यहां बड़ा बयान दिया है। वहीं कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस विधायक के भाजपा सदस्य बनाए जाने के सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस हमेशा सवाल उठाते रहेगी, क्योंकि उत्तर उनके पास नहीं उत्तर हमारे पास है। इसी कारण भाजपा का विस्तार हो रहा है और कांग्रेस पीछे हो गई है।

## ड्रग्स के खिलाफ हमेशा खड़ा रहूंगा

कैलाश विजयवर्गीय ने ड्रग्स को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि ड्रग्स इस देश के अंदर जहर है, जिसके खिलाफ सरकार भी काम कर रही है। मैं भी हमेशा ड्रग्स के खिलाफ खड़ा रहूंगा। ड्रग्स के खिलाफ हमारा अभियान हमेशा जारी रहेगा।

# भानगढ़ में विशाल भंडारा, हजारों ने किया प्रसाद ग्रहण

## गरबा खेलने वाली 200 बालिकाएं हुई पुरस्कृत









■ इंदौर। संभाग पोस्ट

**मां भगवती का विशाल भंडारा श्री राम मंदिर प्रांगण भानगढ़ इंदौर में 18 अक्टूबर शुक्रवार को आयोजित किया गया। नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में गरबे में भाग लेने वाली कन्याओं को विशेष उपहार वितरित किए गए। श्री अखंड ज्योति गरबा मंडल का यह 34वां वर्ष था।**



आयोजक चेतन सिंह सांचोर चौहान ने बताया कि विशाल भंडारे का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस बार 6 से 7 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। चौहान ने बताया कि यह एक पुण्य और पवित्र आयोजन है। इस आयोजन में न केवल कन्याओं को सम्मान और प्रेम देने का अवसर प्राप्त होता है, बल्कि समाज में कन्याओं के महत्व और उनकी गरिमा को भी सार्थक करता है। साथ ही सांस्कृतिक महत्व को बनाए रखने के लिए यह आयोजन हर वर्ष नवदुर्गा उत्सव पर किया जाता है। करीबन 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

इस वर्ष आयोजन में करीबन 200 कन्याओं ने गरबे में हिस्सा लिया और हजारों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री तुलसीराम सिलावट उपस्थित हुए। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस पार्षद चिंटू चौकसे, भाजपा पार्षद मनोज मिश्रा, भाजपा नेता राजू सिंह चौहान, धीरज चौहान, अमित तिवारी, पत्रकार रवि यादव, मोहित सुंदरसीया, सुनिल राणा, योगेश कुशवाह व अन्य समाजसेवी व साथी गण उपस्थित थे।

# सीएम हेल्पलाइन से ब्लैकमेलिंग करने वालों की सूची बना रहा प्रशासन, एक व्यक्ति ने की 800 शिकायत




**शिकायतों के आंकड़े**

- 24000 से अधिक शिकायतें सीएम हेल्पलाइन पर लंबित पड़ी हैं इंदौर जिले में
- 3605 शिकायतें आई हैं नगर निगम के पास अलग अलग विषयों से संबंधित
- 4994 शिकायतें लंबित हैं पुलिस प्रशासन के खिलाफ सुनवाई न होने के कारण

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत करने वाले आवेदकों की गहन जांच की जा रही है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य उन आवेदकों की पहचान करना है, जो बार-बार शिकायत करके विभागीय अधिकारियों और प्रशासन को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके तहत 224 ऐसे आवेदकों की सूची तैयार की गई है, जो आदतन शिकायतकर्ता माने जा रहे हैं। इन आवेदकों की लगातार शिकायतें और प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिशों को लेकर मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को सतर्क किया है।

### अधिकारियों को कर रहे ब्लैकमेल

प्रदेश के हर जिले में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आने वाली शिकायतों की स्क्रूटनी की जा रही है। खासकर ऐसे आवेदकों को चिन्हित किया जा रहा है, जो बार-बार एक ही या मिलते-जुलते मुद्दों पर शिकायत दर्ज कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा 10 से 12 श्रेणियों में इन शिकायतों की जांच की जा रही है ताकि सही और गलत शिकायतों का अंतर स्पष्ट किया जा सके। इन शिकायतों में कई बार देखा गया है कि कुछ लोग विभागीय अधिकारियों को ब्लैकमेल करने के लिए जानबूझकर शिकायतें कर रहे हैं। ऐसे आवेदकों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### 224 आवेदकों की सूची बन गई

इंदौर जिले में प्रशासन ने 224 आवेदकों की सूची तैयार की है, जिन्हें आदतन शिकायतकर्ता माना जा रहा है। हालांकि, अभी भी इस सूची में और नाम जोड़े जाने की संभावना है क्योंकि जांच प्रक्रिया जारी है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से ऐसे और आवेदकों की पहचान की जा रही है। इस संबंध में पूरी जानकारी जुटाने के बाद ही इन पर कोई ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### एक ही व्यक्ति ने 800 शिकायतें की

प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कई ऐसे आवेदक भी सामने आए हैं, जिन्होंने 200 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई हैं। एक ही नाम से, लेकिन अलग-अलग फोन नंबरों का इस्तेमाल कर, ये लोग बार-बार शिकायत कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में यह देखा जा रहा है कि शिकायतें कितनी सही और कितनी गलत हैं। बिचौलीहब्सी क्षेत्र के एक आवेदक ने अब तक लगभग 800 शिकायतें दर्ज कराई हैं। इस आवेदक का नाम फिलहाल उजागर नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही उसकी सभी शिकायतों की जांच पूरी की जाएगी।

### जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा की जो भी सीएम हेल्पलाइन का दुरुपयोग करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। अभी सूची बन रही है और जांच चल रही है। जांच के बाद पता चलेगा कि कौन सीएम हेल्पलाइन का गलत उपयोग कर रहा है।

### यह शिकायतें सबसे ज्यादा

शिकायतों का प्रकार देखा जाए तो इनमें ज्यादातर मामले कचरा, गंदगी, गटर के ढक्कन खुले होने और सड़कों पर गड्ढों से संबंधित हैं।

### यह विभाग सबसे लापरवाह

लंबित शिकायतों में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, गृह विभाग, नगरीय विकास और आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, और महिला एवं बाल विकास विभाग की शिकायतें सबसे अधिक हैं।

## नेहरू पार्क स्वीमिंग पूल पर निगम करेगा तीन करोड़ खर्च, होगी मरम्मत, जिम भी बनेगा

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर के सबसे पुराने नेहरु पार्क के स्वीमिंग पूल बिल्डिंग औरन अन्य हिस्सों की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए नगर निगम तीन करोड़ रुपये खर्च करेगा। दस साल पहले पुल की टाइल्स व उपकरण बदले गए थे। अब बिल्डिंग व अन्य हिस्सों की मरम्मत होगी और कुछ नए निर्माण भी होंगे। 40 साल पुराने इस स्वीमिंग पूल ने देश को कई खिलाड़ी दिए है। पहले इंदौर में निगम का यही स्वीमिंग पूल होता था। बाद में निजी और नए पूल भी शहर में बने। तीन माह पहले मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने नेहरु पार्क का दौरा किया था। तब खिलाडियों ने स्वीमिंग पूल को लेकर कई तरह की समस्याएं बताई थी। इसके बाद मेयर ने कंसलटेंट नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद स्वीमिंग पूल के लिए टेंडर जारी किए।

### जिम्नेशियम भी बनेगा

महापौर परिषद सदस्य नंदू पहाड़िया ने बताया कि स्वीमिंग पूल की गैलरी पर शेड लगाए जाएंगे। इसके अलावा खिलाडियों के लिए जिम, शॉवर, चेंजिंग रुम बनाए जाएंगे। इसे खेल स्पर्धा के मानकों के हिसाब से तैयार किया जाएगा। डायविंग प्लेटफार्म की मरम्मत भी जाएगी। डेढ़ साल के भीतर यह काम होगा। इस दौरान स्वीमिंग पूल कुछ समय के लिए बंद रखा जा सकता है। आपको बता दे कि इस स्वीमिंग पूल में हर रोज सैकड़ों बच्चे व युवक तैरना सीखने के लिए आते है।

## अमृत चहा का नए आउटलेट का उद्घाटन





**इंदौर। संभाग पोस्ट**

प्रसिद्ध चाय ब्रांड अमृत चहा ने 18 अक्टूबर को भोलाराम उस्ताद मार्ग इंदौर में अपने नए आउटलेट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलराज अमर सिंह और पप्पू ठाकुर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में दिलराज अमर सिंह ने चाय प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा, 'अमृत चहा ने अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए जो पहचान बनाई है, वह अद्वितीय है। यह ब्रांड केवल चाय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का भी प्रतीक है।'इस नए आउटलेट में विभिन्न प्रकार की चाय के साथ-साथ खास स्नैक्स का भी प्रावधान किया गया है, जिससे ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव मिलेगा। अमृत चहा के संस्थापक Kausttubh Patkoatwar ने कहा, 'हम हर ग्राहक को विशेष महसूस कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।'

समारोह में कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों और चाय प्रेमियों ने भी भाग लिया। उद्घाटन के मौके पर ग्राहकों के लिए मुफ्त चाय के साथ-साथ विशेष छूट और ऑफर्स की घोषणा की गई, जिससे अधिक से अधिक लोग इस नए आउटलेट का लाभ उठा सकें। दिलराज अमर सिंह ने इस अवसर पर अमृत चहा की टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा, 'यह आउटलेट स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित करेगा और इंदौर के चाय प्रेमियों को एक नया अनुभव प्रदान करेगा।' श्री रजत केशरिया, अमृत चहा फ्रेंचाइजी आउटलेट के मालिक ने इंदौरवासियों से कहा, आपका हमारे नए आउटलेट में स्वागत करता हूँ। आइए, स्वादिष्ट चाय का आनंद लें और साथ में यादगार पल बिताएं! अमृत चहा का नया आउटलेट निश्चित रूप से चाय के दीवानों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनेगा।

संदीप पवार
Mob :-98260-68380
KP
॥ श्री गणेशाय नमः॥
न्यू नर्मदा ट्रेडर्स
सीमेन्ट
बालू रेती
काली रेती, गिट्टी
ईंट एवं बिल्डिंग मटेरियल के विक्रेता
4, मंगलनगर, आई.टी.आई. रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, पेट्रोल पम्प के पहले, इन्दौर (म.प्र.)

राहुल जनरल स्टोर्स
शॉप नं. 3 मालवा मिल चौराहा, इंदौर
मो. 9977732802

डॉ. हिमांशु केलकर
एम.डी., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
मो. 9202238451
क्लिनिकः 20 जी/एच., गीतांजलि अपार्टमेन्ट, मार्केट रोड, विजय नगर
स्कीम नं. 54, इंदौर (म.प्र.) Email : himanshukelkar@rediffmail.com
समय : प्रातः 10.30 से 1.30 बजे, सायं 5.30 से 8.30 बजे तक
निवास : 7-बी, शालीमार टाउनशिप, ए.बी. रोड, इंदौर

चेतन टेलर्स
(सूट स्पेशलिस्ट)
सुनिल खटके
मो. 9893118079
30/1.परदेशीपुरा, शिवधाम के सामने, इंदौर

कार्यालय पताः 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्प्लेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948